**Roll. No. ........................**

**O.M.R. Serial No.** | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

**7**

# B.A./B.Sc. (SEM.-I) EXAMINATION, 2021-22

# GEOGRAPHY

## [ Paper : First ]

## ( Physical Geography )

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | T |

| Question Booklet Series |
|---|
| **D** |

**Time : 1 : 30 Hours** **Max. Marks : 100**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer any 100 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. If more than 100 questions are attempted by student, then the first attempted 100 questions will be considered for evaluation. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.

***(Remaining instructions on last page)***

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को किन्हीं 100 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। यदि छात्र द्वारा 100 से अधिक प्रश्नों को हल किया जाता है तो प्रारम्भिक हल किये हुए 100 उत्तरों को ही मूल्यांकन हेतु सम्मिलित किया जाएगा। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. Which of the following layers is the uppermost atmospheric layer ?

(A) Toposphere

(B) Thermosphere

(C) Mesosphere

(D) Stratosphere

2. All the weather phenomena occurs in which of the following atmospheric layer ?

(A) Mesosphere

(B) Toposphere

(C) Stratosphere

(D) Thermosphere

3. Which gas has a maximum percentage in the atmosphere ?

(A) Carbon

(B) Nitrogen

(C) Oxygen

(D) Hydrogen

4. The quantity of water vapour in the atmosphere is :

(A) 1%

(B) 2%

(C) 1-5%

(D) 5-10%

5. The ozone layer lies in :

(A) Troposphere

(B) Mesosphere

(C) Ionosphere

(D) Stratosphere

1. निम्नलिखित परतों में से कौन-सी वायुमण्डल की सबसे ऊपरी परत है ?

(A) क्षोभमण्डल

(B) तापमण्डल

(C) मध्यमण्डल

(D) समतापमण्डल

2. समस्त मौसमी घटनाएँ निम्नलिखित वायुमण्डल की किस परत में घटित होती हैं ?

(A) मध्यमण्डल

(B) क्षोभमण्डल

(C) समतापमण्डल

(D) तापमण्डल

3. वायुमण्डल में किस गैस का प्रतिशत अधिकतम है ?

(A) कार्बन

(B) नाइट्रोजन

(C) ऑक्सीजन

(D) हाइड्रोजन

4. वायुमण्डल में जलवाष्प की मात्रा होती है :

(A) 1%

(B) 2%

(C) 1-5%

(D) 5-10%

5. ओजोन परत पायी जाती है :

(A) क्षोभमण्डल में

(B) मध्यमण्डल में

(C) आयनमण्डल में

(D) समतापमण्डल में

6. Tropical cyclones in Japan are called :

(A) Taifu

(B) Baguio

(C) Tornado

(D) Hurricane

6. जापान में उष्णकटिबन्धीय चक्रवात को कहा जाता है :

(A) टाइफू

(B) बैगुइओ

(C) टोरनैडो

(D) हरिकेन

7. Tropical cyclones in China are locally called :

(A) Storm surge

(B) Hurricane

(C) Tornado

(D) Typhoon

7. चीन में उष्णकटिबन्धीय चक्रवात को स्थानीय स्तर पर कहा जाता है :

(A) बढ़ता तूफान

(B) हरिकेन

(C) टोरनैडो

(D) टाइफून

8. The higher temperature in the CBD or city center is called :

(A) Warm Island

(B) Cold Island

(C) Heat Island

(D) Snow Island

8. सी.बी.डी. अथवा नगर के केन्द्र में स्थित उच्चतर तापमान को कहा जाता है :

(A) गर्म द्वीप

(B) शीत द्वीप

(C) उष्ण द्वीप

(D) हिम द्वीप

9. Cirrus clouds are found :

(A) Between 0-2500 m. height

(B) Between 2500-6000 m. height

(C) Between 6000-20000 m. height

(D) Above 20000 m. height

9. पक्षाभ बादल पाया जाता है :

(A) 0-2500 मी. ऊँचाई के मध्य

(B) 2500-6000 मी. ऊँचाई के मध्य

(C) 6000-20000 मी. ऊँचाई के मध्य

(D) 20000 मी. से अधिक ऊँचाई पर

10. Which one of the following is not a type of rainfall ?

(A) Convectional Rainfall

(B) Orographic Rainfall

(C) Cyclonic Rainfall

(D) Continental Rainfall

10. निम्नलिखित में से कौन एक वर्षा का प्रकार नहीं है ?

(A) संवहनीय जलवर्षा

(B) पर्वतीय जलवर्षा

(C) चक्रवातीय जलवर्षा

(D) महाद्वीपीय जलवर्षा

11. Mississippi delta is a best example of :

(A) Bird-foot Delta

(B) Abandoned Delta

(C) Blocked Delta

(D) Estuarine Delta

11. मिसिसिप्पी डेल्टा एक अच्छा उदाहरण है :

(A) पक्षी-पंजा डेल्टा का

(B) परित्यक्त डेल्टा का

(C) अवरोधित डेल्टा का

(D) ज्वारनदमुखी डेल्टा का

12. Which of the following is not a Meander ?

(A) Simple Meander

(B) Ideal Meander

(C) Misfit Meander

(D) Incised Meander

12. निम्नलिखित में से कौन एक विसर्प नहीं है ?

(A) सामान्य विसर्प

(B) आदर्श विसर्प

(C) बेमेल विसर्प

(D) अधःकर्तित विसर्प

13. The formation of Inselberg is due to :

(A) Erosion by Wind

(B) Deposition by Wind

(C) Transportation by Wind

(D) None of these

13. इन्सेलबर्ग बनने का प्रमुख कारण है :

(A) पवन द्वारा अपरदन

(B) पवन द्वारा निक्षेपण

(C) पवन द्वारा परिवहन

(D) इनमें से कोई नहीं

14. Which of the following landforms is not formed by wind ?

(A) Zeugen

(B) Yardang

(C) Sand dunes

(D) Beaches

14. निम्नलिखित स्थल रूपों में से कौन-सा पवन द्वारा निर्मित नहीं किया जाता है ?

(A) ज्यूजेन

(B) यारडांग

(C) बालुका स्तूप

(D) बीच

15. Loess is a landform developed by :

(A) Wind deposition

(B) Wind erosion

(C) River erosion

(D) Glacier deposition

15. लोयस स्थल रूप का विकास होता है :

(A) पवन निक्षेपण द्वारा

(B) पवन अपरदन द्वारा

(C) सरिता अपरदन द्वारा

(D) हिमानी निक्षेपण द्वारा

16. Where is Great Salt Lake located ?

(A) U.S.A.

(B) India

(C) China

(D) Turkey

16. ग्रेट साल्ट झील कहाँ अवस्थित है ?

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका

(B) भारत

(C) चीन

(D) तुर्की

17. Which of the following is a cold current of the South Atlantic Ocean ?

(A) Canary current

(B) Kuroshio current

(C) Benguela current

(D) Gulfstream current

17. निम्नलिखित में से कौन एक दक्षिणी अन्धमहासागर की ठण्डी जलधारा है ?

(A) कनारी धारा

(B) क्यूरोशियो धारा

(C) बेंगुएला धारा

(D) गल्फस्ट्रीम धारा

18. Sargasso Sea is located in :

(A) South Atlantic Ocean

(B) North Atlantic Ocean

(C) Mediterranean Sea

(D) Pacific Ocean

18. सारगैसो सागर अवस्थित है :

(A) दक्षिणी अन्धमहासागर में

(B) उत्तरी अन्धमहासागर में

(C) भूमध्यसागर में

(D) प्रशान्त महासागर में

19. Which of the following is a warm current ?

(A) Falkland current

(B) Brazil current

(C) Labrador current

(D) Canary current

19. निम्नलिखित में से कौन एक गर्म जलधारा है ?

(A) फाकलैण्ड धारा

(B) ब्राजील धारा

(C) लैब्राडोर धारा

(D) कनारी धारा

20. Progressive Wave Theory is propounded by :

(A) Laplace

(B) R.A. Harris

(C) William Whewell

(D) G.B. Airy

20. प्रगामी तरंग सिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया था :

(A) लाप्लास द्वारा

(B) आर.ए. हैरिस द्वारा

(C) विलियम व्हीवेल द्वारा

(D) जी.बी. एयरी द्वारा

21. Air pressure is represented on map by :

(A) Isotherm lines

(B) Isobar lines

(C) Isolines

(D) None of these

21. मानचित्र पर वायुदाब दिखाया जाता है :

(A) समताप रेखाओं द्वारा

(B) समवायुदाब रेखाओं द्वारा

(C) समलक्षण रेखाओं द्वारा

(D) इनमें से कोई नहीं

22. What will be air pressure if temperature is high ?

(A) Low

(B) High

(C) Moderate

(D) Very high

22. यदि तापमान अधिक है, तो वायुदाब क्या होगा ?

(A) कम

(B) उच्च

(C) मध्यम

(D) अति उच्च

23. The Tornadoes are very strong tropical cyclones originating in :

(A) Caribbean Sea

(B) China Sea

(C) Arabian Sea

(D) Black Sea

23. टोरनैडो बहुत शक्तिशाली उष्णकटिबन्धीय चक्रवात है, जिसकी उत्पत्ति होती है :

(A) कैरेबियन सागर में

(B) चीन सागर में

(C) अरब सागर में

(D) काला सागर में

24. Air pressure is lowest in :

(A) Winter season

(B) Spring season

(C) Autumn season

(D) Summer season

24. वायुदाब सबसे कम होता है :

(A) शीत ऋतु में

(B) बसंत ऋतु में

(C) शरद ऋतु में

(D) ग्रीष्म ऋतु में

25. Horse latitude is extending between :

(A) $5^\circ$-$10^\circ$

(B) $25^\circ$-$30^\circ$

(C) $60^\circ$-$65^\circ$

(D) None of these

25. अश्व अक्षांश का विस्तार होता है :

(A) $5^\circ$-$10^\circ$ अक्षांश के मध्य

(B) $25^\circ$-$30^\circ$ अक्षांश के मध्य

(C) $60^\circ$-$65^\circ$ अक्षांश के मध्य

(D) इनमें से कोई नहीं

26. The Great Barrier Reef of corals is located in :

(A) Indian Ocean

(B) Pacific Ocean

(C) Atlantic Ocean

(D) Arctic Ocean

26. प्रवालभित्ति का ग्रेट बैरियर रीफ अवस्थित है :

(A) हिन्द महासागर में

(B) प्रशान्त महासागर में

(C) अन्धमहासागर में

(D) आर्कटिक महासागर में

27. Which one of the following is not a Biotic Component ?

(A) Plant

(B) Animal

(C) Soil

(D) Micro-organisms

27. निम्नलिखित में से कौन एक जैविक संघटक नहीं है ?

(A) पादप

(B) जन्तु

(C) मृदा

(D) सूक्ष्मजीव

28. A life supporting layer which surrounds the earth and makes possibility of plants and animal life is called :

(A) Biosphere

(B) Geosphere

(C) Atmosphere

(D) Hydrosphere

28. एक जीवन सहायक परत जो पृथ्वी के चारों तरफ घिरी है जिसमें पादप एवं जन्तुओं की सम्भावना होती है, उसे कहा जाता है :

(A) जैवमण्डल

(B) भूमण्डल

(C) वायुमण्डल

(D) जलमण्डल

29. Ecology is a science which studies interrelationships :

(A) Between Abiotic and Biotic components

(B) Among biotic components

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

29. पारिस्थितिकी एक विज्ञान है जो अन्तर्सम्बन्धों का अध्ययन करता है :

(A) अजैविक एवं जैविक घटकों के मध्य

(B) जैविक घटकों के बीच

(C) दोनों (A) और (B)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

30. Which one of the following is not a tropical biome ?

(A) Tropical Forest

(B) Savanna

(C) Desert

(D) Alpine Tundra

30. निम्नलिखित में से कौन एक उष्णकटिबन्धीय बायोम नहीं है ?

(A) उष्णकटिबन्धीय वन

(B) सवाना

(C) मरुस्थल

(D) अल्पाइन टुण्ड्रा

31. Harmattan is a local wind of :

(A) Northern India

(B) Switzerland

(C) Eastern Sahara

(D) Alps Mountain

31. हरमट्टन एक स्थानीय पवन है :

(A) उत्तरी भारत का

(B) स्विट्ज़रलैण्ड का

(C) पूर्वी सहारा का

(D) आल्प्स पर्वत का

32. Name the wind which changes its direction according to the season :

(A) Monsoon

(B) Chinook

(C) Loo

(D) Mistral

32. उस पवन का नाम बताइए जो मौसम के अनुसार अपनी दिशा बदल देती है :

(A) मानसून

(B) चिनूक

(C) लू

(D) मिस्ट्राल

33. The circulation of Jet stream is :

(A) From East to West

(B) From North to South

(C) From West to East

(D) From South to North

33. जेट स्ट्रीम का प्रवाह होता है :

(A) पूर्व से पश्चिम की ओर

(B) उत्तर से दक्षिण की ओर

(C) पश्चिम से पूर्व की ओर

(D) दक्षिण से उत्तर की ओर

34. Which one of the following streams is not a type of Jet stream ?

(A) Polar front Jet stream

(B) Subtropical westerly Jet stream

(C) Tropical easterly Jet stream

(D) Temperate northerly Jet stream

34. निम्नलिखित में से कौन एक जेट स्ट्रीम का प्रकार नहीं है ?

(A) ध्रुवीय वाताग्र जेट स्ट्रीम

(B) उपोष्णकटिबन्धीय पछुवा जेट स्ट्रीम

(C) उष्णकटिबन्धीय पूर्वी जेट स्ट्रीम

(D) शीतोष्ण उत्तरी जेट स्ट्रीम

35. Which of the following air masses is not a principal type according to their location ?

(A) Continental polar air mass

(B) Equatorial air mass

(C) Maritime polar air mass

(D) Continental tropical air mass

35. निम्नलिखित वायु राशियों में से कौन अवस्थिति के अनुसार वायु राशि का प्रमुख प्रकार नहीं है ?

(A) महाद्वीपीय ध्रुवीय वायु राशि

(B) विषुवतरेखीय वायु राशि

(C) सागरीय ध्रुवीय वायु राशि

(D) महाद्वीपीय उष्णकटिबन्धीय वायु राशि

36. India gets maximum rainfall mainly from :

(A) North-East Monsoon

(B) Retreating Monsoon

(C) South-West Monsoon

(D) Convectional Rainfall

36. भारत में प्रधानतः सर्वाधिक वर्षा होती है :

(A) उत्तरी-पूर्वी मानसून से

(B) लौटती मानसून से

(C) दक्षिणी-पश्चिमी मानसून से

(D) संवहनीय जलवर्षा से

37. Among the following places which one gets the least rainfall ?

(A) Leh

(B) Bikaner

(C) Jaisalmer

(D) Barmer

37. निम्नलिखित स्थानों में से कौन सबसे कम वर्षा प्राप्त करता है ?

(A) लेह

(B) बीकानेर

(C) जैसलमेर

(D) बाड़मेर

38. The average depth of water over continental slope varies between :

(A) 200 m. to 2000 m.

(B) 0 m. to 200 m.

(C) 2000 m. to 6000 m.

(D) 6000 m. to 10000 m.

38. महाद्वीपीय मग्नढाल पर जल की औसत गहराई होती है :

(A) 200 मी. से 2000 मी. के मध्य

(B) 0 मी. से 200 मी. के मध्य

(C) 2000 मी. से 6000 मी. के मध्य

(D) 6000 मी. से 10000 मी. के मध्य

39. Which of the following trenches is deepest in the world ?

(A) Tonga

(B) Swire

(C) Puerto Rico

(D) Challenger

39. निम्नलिखित महासागरीय गर्तों में से कौन विश्व का सबसे गहरा गर्त है ?

(A) टोंगा

(B) स्वायर

(C) पोर्टो रिको

(D) चैलेंजर

40. The salinity of sea water is directly/positively related to :

(A) Temperature

(B) Sea water density

(C) Sea water pressure

(D) None of these

40. सागरीय जल की लवणता का सीधा/सकारात्मक सम्बन्ध होता है :

(A) तापमान से

(B) सागरीय घनत्व से

(C) सागरीय दबाव से

(D) इनमें से कोई नहीं

41. The height of the ozone layer above the surface of the earth is :

(A) 15-35 km.

(B) 40-50 km.

(C) 5-10 km.

(D) 50-60 km.

41. पृथ्वी की सतह से ओजोन परत की ऊँचाई है :

(A) 15-35 किमी.

(B) 40-50 किमी.

(C) 5-10 किमी.

(D) 50-60 किमी.

42. Wireless communication is reflected to the earth's surface by :

(A) Troposphere

(B) Stratosphere

(C) Ionosphere

(D) Exosphere

42. बेतार संचार का परावर्तन पृथ्वी की सतह पर होता है :

(A) क्षोभमण्डल द्वारा

(B) समतापमण्डल द्वारा

(C) आयनमण्डल द्वारा

(D) बहिर्मंडल द्वारा

43. The distance from the earth to sun is :

(A) About 93 million miles

(B) About 100 million miles

(C) About 150 million miles

(D) About 50 million miles

43. पृथ्वी से सूर्य की दूरी है :

(A) लगभग 9.30 करोड़ मील

(B) लगभग 10 करोड़ मील

(C) लगभग 15 करोड़ मील

(D) लगभग 5 करोड़ मील

44. Which one of the following reflects more sunlight as compared to the three ?

(A) Sand desert

(B) Paddy cropland

(C) Land covered with fresh snow

(D) Prairie land

44. निम्नलिखित में से कौन सूर्य की किरणों का परावर्तन तीनों की तुलना में सबसे अधिक करता है ?

(A) बालू मरुस्थल

(B) धान फसल की भूमि

(C) ताजे बर्फ से आच्छादित भूमि

(D) प्रेयरी भूमि

45. Energy comes on earth is called :

(A) Solar Radiation

(B) Insolation

(C) Terrestrial Radiation

(D) None of these

45. पृथ्वी पर आने वाली ऊर्जा कहलाती है :

(A) सौर विकिरण

(B) सूर्याभिताप

(C) पार्थिव विकिरण

(D) इनमें से कोई नहीं

46. The landforms built by deflation work of wind is :

(A) Sand dune

(B) Deflation Basin

(C) Loess

(D) Pediments

46. पवन की अपवाहन क्रिया से निर्मित स्थल रूप है :

(A) बालुका स्तूप

(B) वात गर्त

(C) लोयस

(D) पेडिमेन्ट

47. U-shaped valley is formed in :

(A) Karst Region

(B) Flood Region

(C) Glacial Region

(D) Desert Region

47. यू-आकार की घाटी बनती है :

(A) चूना क्षेत्र में

(B) बाढ़ क्षेत्र में

(C) हिमानी क्षेत्र में

(D) रेगिस्तानी क्षेत्र में

48. Which of the following lakes is not formed by Glacier ?

(A) Great lake

(B) Grand lake

(C) Wular lake

(D) Naina lake

48. निम्नलिखित में से कौन-सी झील हिमानी द्वारा निर्मित नहीं है ?

(A) ग्रेट झील

(B) ग्राण्ड झील

(C) वुलर झील

(D) नैना झील

49. Cirques is formed by :

(A) River

(B) Wind

(C) Glacier

(D) Underground water

49. हिमजगह्वर या सर्क निर्मित है :

(A) सरिता द्वारा

(B) पवन द्वारा

(C) हिमनद द्वारा

(D) भूमिगत जल द्वारा

50. Which of the following landforms is not formed by Glacial erosion ?

(A) Hanging valley

(B) Horn

(C) Tarn

(D) Drumlin

50. निम्नलिखित में से किस स्थलाकृति का निर्माण हिमानी अपरदन द्वारा नहीं होता है ?

(A) लटकती घाटी

(B) गिरिश्रृंग

(C) टार्न

(D) ड्रमलिन

51. Who was the propounder of 'Sliding Continents Theory' ?

(A) R.A. Daly

(B) J.W. Gregory

(C) Alfred Wegener

(D) Arthur Holmes

51. 'महाद्वीपीय स्खलन सिद्धान्त' का प्रतिपादन किसने किया ?

(A) आर.ए. डेली

(B) जे.डब्ल्यू. ग्रेगरी

(C) अल्फ्रेड वेगनर

(D) आर्थर होम्स

52. Which of the following theories is given by Arthur Holmes ?

(A) Continental Drift Theory

(B) Convection Current Theory

(C) Sliding Continents Theory

(D) Thermal Contraction Theory

52. निम्न में से कौन-सा सिद्धान्त आर्थर होम्स ने दिया ?

(A) महाद्वीपीय प्रवाह का सिद्धान्त

(B) संवहन धारा का सिद्धान्त

(C) महाद्वीपीय स्खलन का सिद्धान्त

(D) तापीय संकुचन का सिद्धान्त

53. Who among the following used the term Plate for the first time ?

(A) Tuzo Wilson

(B) Morgan

(C) Alfred Wegener

(D) Lowthian Green

53. निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम प्लेट शब्द का प्रयोग किया ?

(A) टूजो विल्सन

(B) मॉर्गन

(C) अल्फ्रेड वेगनर

(D) लोथियन ग्रीन

54. J.H. Pratt was related to :

(A) England

(B) France

(C) India

(D) Germany

54. जे.एच. प्राट सम्बन्धित थे :

(A) इंग्लैण्ड से

(B) फ्रांस से

(C) भारत से

(D) जर्मनी से

55. The instrument measuring earthquake is called :

(A) Climograph

(B) Seismograph

(C) Hythergraph

(D) Eidograph

55. भूकम्पमापी यंत्र कहलाता है :

(A) क्लाइमोग्राफ

(B) सीज़्मोग्राफ

(C) हीदरग्राफ

(D) ईडोग्राफ

56. Mount Abu region is a best example of :

(A) Trellised Drainage pattern

(B) Dendritic Drainage pattern

(C) Rectangular Drainage pattern

(D) Radial Drainage pattern

56. माउण्ट आबू पर्वत क्षेत्र एक बहुत अच्छा उदाहरण है :

(A) जालीनुमा अपवाह प्रतिरूप का

(B) पादपाकार अपवाह प्रतिरूप का

(C) आयताकार अपवाह प्रतिरूप का

(D) अपकेन्द्रीय अपवाह प्रतिरूप का

57. Which of the following landforms is not related to the works of river ?

(A) Waterfall

(B) Barkhan

(C) Oxbow lake

(D) V-shaped valley

57. निम्नलिखित में से किस आकृति का सम्बन्ध नदी के कार्यों से नहीं है ?

(A) जलप्रपात

(B) बरखान

(C) गोखुर झील

(D) 'वी' आकार की घाटी

58. Landform formed in the old age of river is called :

(A) Delta

(B) Gorge

(C) Canyons

(D) Waterfall

58. नदी की वृद्धावस्था में बनने वाला स्थल रूप कहलाता है :

(A) डेल्टा

(B) गार्ज

(C) कैनियन

(D) जलप्रपात

59. The world famous canyon is formed by :

(A) Nile River

(B) Amazon River

(C) Indus River

(D) Colorado River

59. विश्व प्रसिद्ध कैनियन का निर्माण हुआ है :

(A) नील नदी द्वारा

(B) अमेजन नदी द्वारा

(C) सिन्धु नदी द्वारा

(D) कोलोरैडो नदी द्वारा

60. Dudhsagar waterfall is located in :

(A) Tamil Nadu

(B) Madhya Pradesh

(C) Rajasthan

(D) Goa

60. दूधसागर जलप्रपात अवस्थित है :

(A) तमिलनाडु में

(B) मध्य प्रदेश में

(C) राजस्थान में

(D) गोवा में

61. Which of the following is not a subject-matter of Physical Geography ?

(A) Lithosphere/Geomorphology

(B) Atmosphere

(C) Hydrosphere

(D) Demosphere

61. निम्न में से कौन-सा भौतिक भूगोल का विषयक्षेत्र नहीं है ?

(A) स्थलमण्डल

(B) वायुमण्डल

(C) जलमण्डल

(D) जनमण्डल

62. In which era Dinosaurs were developed ?

(A) Palaeozoic

(B) Mesozoic

(C) Cenozoic

(D) Cryptozoic

62. डायनासोर का विकास किस कल्प में हुआ था ?

(A) पेलियोजोइक

(B) मीसोजोइक

(C) सीनोजोइक

(D) क्रिप्टोजोइक

63. Which of the following planets is known as 'Morning Star' ?

(A) Mercury

(B) Venus

(C) Mars

(D) Saturn

63. निम्नलिखित में से किसे 'भोर का तारा' कहा जाता है ?

(A) बुध

(B) शुक्र

(C) मंगल

(D) शनि

64. Which is the chief heavenly body of solar system ?

(A) Earth

(B) Sun

(C) Vesta

(D) Trumpler

64. सौर मण्डल का प्रधान आकाशीय पिण्ड कौन-सा है ?

(A) पृथ्वी

(B) सूर्य

(C) वेस्टा

(D) ट्रम्पलर

65. In order of their distance from the sun, which of the following planets lie between Mars and Neptune ?

(A) Earth

(B) Mercury

(C) Saturn

(D) Venus

65. सूर्य से उनकी दूरी के क्रम में, निम्नलिखित ग्रहों में से कौन मंगल एवं वरुण के मध्य स्थित है ?

(A) पृथ्वी

(B) बुध

(C) शनि

(D) शुक्र

66. In which stage of cycle of erosion, vertical erosion does not take place ?

(A) Old age

(B) Mature age

(C) Youth age

(D) Child age

66. अपरदन चक्र की किस अवस्था में लम्बवत् अपरदन की क्रिया नहीं होती है ?

(A) वृद्धावस्था

(B) प्रौढ़ावस्था

(C) युवावस्था

(D) बाल्यावस्था

67. How many stages are there in the cycle of erosion as propounded by W.M. Davis ?

(A) One

(B) Two

(C) Three

(D) Four

67. डब्ल्यू.एम. डेविस द्वारा प्रतिपादित अपरदन चक्र में कितनी अवस्थाएँ होती हैं ?

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) चार

68. Which of the following is not a sequent drainage system ?

(A) Subsequent streams

(B) Antecedent streams

(C) Obsequent streams

(D) Resequent streams

68. निम्न में से कौन एक क्रमवर्ती अपवाह तंत्र नहीं है ?

(A) परवर्ती सरिता

(B) पूर्ववर्ती सरिता

(C) प्रतिअनुवर्ती सरिता

(D) नवानुवर्ती सरिता

69. The origin and development of streams through time is called :

(A) Drainage Pattern

(B) Dendritic Drainage Pattern

(C) Pinnate Drainage Pattern

(D) Drainage System

69. सरिताओं की उत्पत्ति एवं उनके समय के साथ विकास को कहा जाता है :

(A) अपवाह प्रतिरूप

(B) पादपाकार अपवाह प्रतिरूप

(C) परनुमा अपवाह प्रतिरूप

(D) अपवाह तंत्र

70. Which of the following rivers is not an example of antecedent streams ?

(A) Sutlej river

(B) Ganga river

(C) Asan river

(D) Gandak river

70. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी एक पूर्ववर्ती सरिता का उदाहरण नहीं है ?

(A) सतलज नदी

(B) गंगा नदी

(C) आसन नदी

(D) गण्डक नदी

71. Which of the following is not a type of volcano on the basis of periodicity of eruptions ?

(A) Active volcanoes

(B) Strombolian volcanoes

(C) Dormant volcanoes

(D) Extinct volcanoes

71. उद्गार की अवधि के आधार पर निम्नलिखित में से कौन ज्वालामुखी का प्रकार नहीं है ?

(A) जागृत ज्वालामुखी

(B) स्ट्राम्बोलियन ज्वालामुखी

(C) प्रसुप्त ज्वालामुखी

(D) शान्त ज्वालामुखी

72. Which one of the following is a dormant volcano ?

(A) Koh Sultan

(B) Pinatubo

(C) Visuvious

(D) Mayon

72. निम्नलिखित में से कौन एक प्रसुप्त ज्वालामुखी है ?

(A) कोह सुल्तान

(B) पिनाटुबो

(C) विसुवियस

(D) मायोन

73. Topography produced by vulcanicity is :

(A) Craters

(B) Gorges

(C) Canyons

(D) Inselbergs

73. ज्वालामुखी द्वारा निर्मित स्थलाकृति है :

(A) क्रेटर

(B) गार्ज

(C) कैनियन

(D) इन्सेलबर्ग

74. Which of the following rocks is called primary rocks ?

(A) Sedimentary rocks

(B) Metamorphic rocks

(C) Horizontal rocks

(D) Igneous rocks

74. निम्नलिखित में से कौन-सी चट्टान प्राथमिक चट्टान कही जाती है ?

(A) अवसादी चट्टान

(B) कायान्तरित चट्टान

(C) क्षैतिज चट्टान

(D) आग्नेय चट्टान

75. In Peninsular India, the rocks found are :

(A) Igneous rocks

(B) Sedimentary rocks

(C) Metamorphic rocks

(D) Marble rocks

75. प्रायद्वीपीय भारत में, चट्टानें पायी जाती हैं :

(A) आग्नेय चट्टान

(B) अवसादी चट्टान

(C) रूपान्तरित चट्टान

(D) संगमरमर चट्टान

76. Which of the following is not a characteristic of Geosynclines ?

(A) Formed by strong compressive forces

(B) Long, narrow and shallow depressions of water

(C) Gradual sedimentation and subsidence

(D) Mobile zones of water

76. निम्नलिखित में से कौन-सी भूसन्नति की विशेषता नहीं है ?

(A) प्रबल संपीडन बल द्वारा निर्मित

(B) लम्बा, संकरा तथा उथला जलीय धँसाव

(C) निरन्तर तलछटीय जमाव एवं धँसाव

(D) जल का चल क्षेत्र

77. Which of the following is not included in orogenetic movements ?

(A) Folding

(B) Faulting

(C) Wraping

(D) Subsiding

77. निम्नलिखित में से कौन एक पर्वतीय संचलन में सम्मिलित नहीं है ?

(A) वलन

(B) भ्रंशन

(C) संवलन

(D) अवतलन

78. The upfolded rock strata in arch-like landform is called :

(A) Folding

(B) Anticline

(C) Syncline

(D) Dip

78. चट्टानों के संस्तरों के मेहराव सदृश्य ऊपर उठे हुए स्थल रूप को कहते हैं :

(A) वलन

(B) अपनति

(C) अभिनति

(D) नति/नमन

79. Which of the following is a resultant of Rift Valley ?

(A) Faulting

(B) Folding

(C) Wraping

(D) Nappe

79. निम्नलिखित में से किसकी एक भ्रंश घाटी परिणामी है ?

(A) भ्रंश

(B) वलन

(C) संवलन

(D) ग्रीवाखण्ड

80. Folds are developed by :

(A) Expansion

(B) Tension

(C) Contraction

(D) Erosion

80. वलन का विकास होता है :

(A) फैलाव से

(B) तनाव से

(C) संकुचन से

(D) अपरदन से

81. 'Supernova is :

(A) An Asteroid

(B) A Black Hole

(C) A Comet

(D) A Dying Star

81. 'सुपरनोवा' है :

(A) एक छोटा तारा

(B) एक काला छिद्र

(C) एक धूमकेतु

(D) एक मरने वाला तारा

82. Which of the following is known as most dense layer of the earth ?

(A) Crust

(B) Mantle

(C) Core

(D) Magma

82. निम्न में से किसे पृथ्वी की सबसे घनी परत के रूप में जाना जाता है ?

(A) क्रस्ट

(B) मेंटल

(C) कोर

(D) मैग्मा

83. The earth completes one rotation on its axis :

(A) In 24 hours

(B) In 25 hours

(C) In 23 hours 58 minutes

(D) In 23 hours 56 minutes and 4 seconds

83. पृथ्वी अपनी धुरी पर एक चक्कर पूरा करती है :

(A) 24 घण्टे में

(B) 25 घण्टे में

(C) 23 घण्टे 58 मिनट में

(D) 23 घण्टे 56 मिनट एवं 4 सेकण्ड में

84. Which elements are abundant in the formation of interior layer of the earth ?

(A) Silica and Aluminium

(B) Nickel and Iron (Fe)

(C) Silica and Magnesium

(D) Basalt and Silica

84. पृथ्वी की आन्तरिक परत के निर्माण में किन तत्वों की प्रधानता है ?

(A) सिलिका एवं एल्युमिनियम

(B) निकिल एवं लोहा

(C) सिलिका एवं मैग्नीशियम

(D) बेसाल्ट एवं सिलिका

85. The density of middle layer (Sima) of the earth is :

(A) 2.4 to 2.9

(B) 2.9 to 4.7

(C) 10

(D) 11.6

85. पृथ्वी की मध्य परत (सीमा) का घनत्व है :

(A) 2.4 से 2.9

(B) 2.9 से 4.7

(C) 10

(D) 11.6

86. Which of the following is not related to mechanical weathering agents ?

(A) Frost

(B) Insolation

(C) Vegetation

(D) Moisture and Water

86. निम्नलिखित में से कौन-सा यान्त्रिक अपक्षय का अभिकर्ता नहीं है ?

(A) तुषार

(B) ताप

(C) वनस्पति

(D) आर्द्रता एवं जल

87. Chemical weathering agents is/are :

(A) Oxygen

(B) Carbon dioxide

(C) Hydrogen

(D) All of the above

87. रासायनिक अपक्षय अभिकर्ता है/हैं :

(A) ऑक्सीजन

(B) कार्बन डाइऑक्साइड

(C) हाइड्रोजन

(D) उपर्युक्त सभी

88. Maximum effect of oxidation is :

(A) On Iron Minerals

(B) On Granite Rocks

(C) On Limestone

(D) On Basic Igneous Rocks

88. ऑक्सीडेशन का सर्वाधिक प्रभाव होता है :

(A) लौह खनिजों पर

(B) ग्रेनाइट चट्टानों पर

(C) चूना पत्थर पर

(D) मूल आग्नेय चट्टानों पर

89. Who propounded the concept of cycle of erosion ?

(A) James Hutton

(B) Gilbert

(C) W.M. Davis

(D) W. Penck

89. अपरदन चक्र की संकल्पना का प्रतिपादन किसने किया ?

(A) जेम्स हट्टन

(B) गिलबर्ट

(C) डब्ल्यू.एम. डेविस

(D) डब्ल्यू. पेन्क

90. Who said that, 'A landscape is the result of structure, process and stage' ?

(A) W.M. Davis

(B) W. Penck

(C) R.J. Chorley

(D) None of these

90. किसने कहा था कि, 'एक स्थलाकृति संरचना, प्रक्रम एवं अवस्था का प्रतिफल है' ?

(A) डब्ल्यू.एम. डेविस

(B) डब्ल्यू. पेन्क

(C) आर.जे. चोर्ले

(D) इनमें से कोई नहीं

91. The age of earth according to Indian Religious Books is :

(A) 2 Crore years / 200 Million

(B) 2 Billion / 2000 Million years

(C) 2 Million years

(D) 0.2 Million years

91. भारतीय धर्मग्रन्थों के अनुसार पृथ्वी की आयु है :

(A) 2 करोड़ वर्ष

(B) 2 अरब वर्ष

(C) 20 लाख वर्ष

(D) 0.2 लाख वर्ष

92. The entire mechanism of the evolution, nature and motion of plates and resultant reactions is called :

(A) Plate Tectonics

(B) Plate Boundary

(C) Dodecahedron

(D) Tetrahedron

92. प्लेटों के क्रमागत विकास, स्वभाव एवं प्रवाह की सम्पूर्ण तंत्र एवं परिणामी प्रतिक्रिया को कहा जाता है :

(A) प्लेट विवर्तनिकी

(B) प्लेट सीमा

(C) द्वादशफलक

(D) चतुपार्श्वीय

93. In which of the following areas most of the earthquakes come ?

(A) Circum-Pacific Ocean belt

(B) Mediterranean Sea belt

(C) Atlantic Ocean belt

(D) Indian Ocean belt

93. निम्नलिखित में से सर्वाधिक भूकम्प किस क्षेत्र में आते हैं ?

(A) परि-प्रशान्त महासागरीय पेटी

(B) भूमध्यसागरीय पेटी

(C) अन्ध महासागरीय पेटी

(D) हिन्द महासागरीय पेटी

94. The place situated on the earth's surface, where earthquake felt first is called :

(A) Epicentre

(B) Centripetal

(C) Earthquake Centre

(D) None of these

94. पृथ्वी के धरातल पर स्थित वह बिन्दु जहाँ सर्वप्रथम भूकम्प अनुभव किया जाता है, कहलाता है :

(A) अधिकेन्द्र

(B) अभिकेन्द्र

(C) भूकम्प केन्द्र

(D) इनमें से कोई नहीं

95. Chief cause of volcanic origin is/are :

(A) Temperature increasement in interior

(B) Origin of Lava

(C) Expansion of Gases

(D) All of the above

95. ज्वालामुखी की उत्पत्ति का प्रमुख कारण है/हैं :

(A) भूगर्भ में ताप वृद्धि

(B) लावा की उत्पत्ति

(C) गैसों का फैलाव

(D) उपरोक्त सभी

96. Which one of the following is not a sedimentary rock ?

(A) Slate

(B) Sandstones

(C) Limestones

(D) Conglomerate

96. निम्नलिखित में से कौन एक अवसादी चट्टान नहीं है ?

(A) स्लेट

(B) बालुका पत्थर

(C) चूना पत्थर

(D) कांग्लोमरेट

97. Which one of the following is a metamorphic rock ?

(A) Basalt

(B) Granites

(C) Gneiss

(D) Diorite

97. निम्नलिखित में से कौन कायान्तरित चट्टान है ?

(A) बेसाल्ट

(B) ग्रेनाइट

(C) नीस

(D) डियोराइट

98. Original rock of diamond is :

(A) Sandstone

(B) Granites

(C) Coal

(D) Limestone

98. हीरे की मूल चट्टान है :

(A) बालुका पत्थर

(B) ग्रेनाइट

(C) कोयला

(D) चूना पत्थर

99. The connecting plane between two consecutive beds or layers of sedimentary rocks is called :

(A) Paraconformity

(B) Bedding plane

(C) Cross bedding

(D) Conformity

99. अवसादी शैलों में दो लगातार परतों के मध्य संयोजक भाग को कहते हैं :

(A) समरूपविन्यास

(B) संस्तरण तल

(C) क्रॉस बेडिंग (विपरीत संस्तर)

(D) समविन्यास

100. Which one of the following is not a Igneous rock ?

(A) Basalt

(B) Gabbro

(C) Gneiss

(D) Dolerite

100. निम्नलिखित में से कौन एक आग्नेय चट्टान नहीं है ?

(A) बेसाल्ट

(B) गैब्रो

(C) नीस

(D) डोलेराइट

**Rough Work / रफ कार्य**

**Example :**

**Question :**

Q.1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

Q.2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Q.3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

4. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

5. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

6. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

7. After the completion of the examination, candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

8. There will be no negative marking.

9. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

10. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.

11. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.**

उदाहरण :

प्रश्न :

प्रश्न 1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

प्रश्न 2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

प्रश्न 3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

4. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

5. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

6. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

7. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

8. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

9. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

10. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

11. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

महत्वपूर्णः प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।